दिन– बुधवार

दिनांक– 21 / 05 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधि – 15 मिनट

---

01. जदयू सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल इंडोनेशिया, मलेशिया, दक्षिण कोरिया, जापान और सिंगापुर के लिए रवाना। आतंकवाद के खिलाफ भारत की रणनीति से कराएंगे अवगत।

02. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल देशभर में एक सौ तीन अमृत भारत रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे। भागलपुर का पीरपैंती और गोपालगंज का थावे जंक्शन भी शामिल।

03. कांग्रेस पार्टी ने की घोषणा – राज्य में महागठबंधन की सरकार बनी, तो लागू करेंगे माई–बहिन मान योजना।

04. और, सीतामढ़ी में तेज आंधी और भारी बारिश से जनजीवन हुआ प्रभावित। मौसम विभाग ने मधुबनी, सीतामढ़ी और दरभंगा समेत कई जिलों में आंधी, बारिश और वज्रपात का रेड अलर्ट जारी किया।

---

ऑपरेशन सिंदूर के संदर्भ में आतंकवाद के खिलाफ भारत की रणनीति से दुनिया को अवगत कराने के लिए सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों का पहला दल जदयू सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में आज पांच देशों की यात्रा पर रवाना हुआ। यह शिष्टमंडल इंडोनेशिया, मलेशिया, दक्षिण कोरिया, जापान और सिंगापुर का दौरा करेगा। दौरे पर रवाना होने से पहले श्री झा ने कहा कि आतंकवाद पाकिस्तान की नीति का हिस्सा है।

–––बाइट–––

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान किस तरह से आतंकवाद को प्रायोजित करता रहा है। इसकी जानकारी शिष्टमंडल इन देशों को बताएगा। बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल का एक दूसरा समूह भी आज शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में रवाना होगा।

---

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा है कि सांसदों और नेताओं का प्रतिनिधिमंडल पूरी दुनिया में पाकिस्तान की करतूतों का कच्चा चिट्ठा

प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद को कैसे बढ़ावा देता है। यह पूरी दुनिया को बताना है।

---बाइट---

---

इधर, सेना के शौर्य को सलामी देते हुए पूरे देश में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। खगड़िया जिले में भाजपा नेता अजय कुमार चौधरी के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। वहीं, जिले के बेलदौर प्रखंड में भी भाजपा नेता पप्पू कुमार के नेतृत्व में खेल मैदान से तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। रोहतास जिले में भारतीय नारी की गरिमा और आत्मसम्मान की रक्षा हेतु समर्पित ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता के उपलक्ष्य में डेहरी में एक भव्य तिरंगा गौरव यात्रा का आयोजन किया गया।

---

भारत–पाकिस्तान सीमा पर अटारी–वाघा संयुक्त चेकपोस्ट, फिरोजपुर में हुसैनीवाला और फाजिल्का में सदकी पर आज शाम बीटिंग रिट्रीट समारोह में आम लोग भी शामिल हुए। भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद आठ मई से सीमा चौकियों पर औपचारिक परेड रोक दी गई थी।

---

सर्वोच्च न्यायालय में आज दूसरे दिन भी वक्फ संशोधन अधिनियम दो हजार पच्चीस की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई की। प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ ने इस मामले में केंद्र सरकार का पक्ष जाना। सॉलीसिटर जनरल तुषार मेहता ने वक्फ–वाई यूजर पर सरकार का पक्ष रखते हुए कहा कि इस आधार पर सरकारी जमीन पर किसी का कोई हक नहीं हो सकता। श्री मेहता ने कहा कि अगर कोई सरकारी जमीन है, तो सरकार को पूरा अधिकार है कि वह उसे वापस ले ले, भले ही उसे वक्फ घोषित कर दिया गया हो।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत कल राजस्थान के बिकानेर में आयोजित एक कार्यक्रम में बिहार समेत अठारह राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के पुर्नविकसित एक सौ तीन रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे। एक रिपोर्ट....

---रिपोर्ट---

कल 103 अमृत भारत स्टेशनों का उद्घाटन किया जाएगा, सबसे ज्यादा 19 स्टेशनों का उद्घाटन उत्तर प्रदेश में किया जाएगा। इन स्टेशनों को कई शहरों की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और धार्मिक विरासत को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। चौड़ी सड़कें, अंडरपास, फुट ओवर ब्रिज, आधुनिक प्रतीक्षालय, लाउंज, आधुनिक शौचालय और लिफ्टों का निर्माण कर इन अमृत भारत स्टेशनों को यात्रियों के लिए सुविधाजनक और आरामदेह बनाया गया है। इन स्टेशनों को दिव्यांगजनों की जरूरतों के हिसाब से तैयार किया गया है ताकि उन्हें आवागमन में कोई दिक्कत ना हो। यह स्टेशन उन्नत यात्री सूचना प्रणाली से लैस हैं, जहां मुफ्त वाईफाई की सुविधा भी उपलब्ध है। आनंद कुमार के साथ भानु प्रताप सिंह, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

---

बिहार को कल दो अमृत भारत रेलवे स्टेशनों की सौगात मिलने वाली है। अमृत भारत स्टेशन के रुप में विकसित भागलपुर जिले के पीरपैंती और गोपालगंज जिले के थावे जंक्शन का कल लोकार्पण होगा। पूर्व रेलवे के अंतर्गत पीरपैंती अमृत भारत रेलवे स्टेशन एक महत्वपूर्ण केंद्र बनने जा रहा है। आर्थिक गतिविधियों के क्षेत्र में अपनी पहचान बना चुका पीरपैंती स्टेशन विक्रमशिला सहित भागलपुर और बांका के कई प्रमुख टूरिज्म स्थलों के नजदीक है। इस स्टेशन का लगभग उन्नीस करोड़ रुपये की लागत से विकास किया गया है। भागलपुर के एरिया मैनेजर प्रवीण कुमार ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में कहा कि उम्मीद है कि जो सुविधाएं दी जा रही है उससे यह पर्यटन के महत्वपूर्ण केंद्र के रुप में विकसित होगा।

---बाइट---

वहीं, गोपालगंज का थावे जंक्शन पूर्वोत्तर रेलवे क्षेत्र में आता है। प्राचीन शक्तिपीठ के लिए मशहूर थावे जंक्शन का विकास लगभग बारह करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। उत्तर प्रदेश, बिहार और अन्य राज्यों के प्रमुख शहरों से बेहतर कनेक्टिविटी वाले थावे स्टेशन को विकसित किये जाने से बिहार के पश्चिमी हिस्से में व्यावसायिक और धार्मिक पर्यटन संबंधी गतिविधियां बढ़ेगी।

---

बिहार स्टेट मिल्क कोऑपरेटिव फेडरेशन– कॉम्फेड ने सुधा डेयरी दूध की किमतों में दो से तीन रूपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की घोषणा की है। सुधा गोल्ड बासठ रूपए प्रति लीटर की जगह पैंसठ रूपए, सुधा शक्ति प्रति लीटर सत्तावन रूपए

और सुधा काऊ मिल्क बावन रूपए की जगह चौवन रूपए प्रति लीटर मिलेगा। नई दरें कल से लागू होगी।

---

महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा ने कहा है कि राज्य में महागठबंधन की सरकार बनने पर माई–बहिन मान योजना लागू की जाएगी। पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्रीमती लांबा ने कहा कि इस योजना के तहत जरूरतमंद महिलाओं को प्रतिमाह पच्चीस सौ रूपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि महागठबंधन के सहयोगियों ने इस योजना पर चर्चा कर इसे लागू करने का निर्णय लिया है। इस अवसर पर कांग्रेस ने एक नम्बर– **आठ आठ शून्य शून्य शून्य दो तीन पांच दो पांच** जारी किया है। जिस पर मिस्ड कॉल देकर महिलाएं अपना निबंधन करा सकती हैं।

–––बाइट–––

---

केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य के किसानों का काफी फायदा हो रहा है। श्री ठाकुर सीवान में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य सरकार किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए कई योजनाएं चला रही हैं। उन्होंनें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के स्वास्थ्य को लेकर विपक्ष के बयानों को अनर्गल विलाप बताया है।

–––बाइट–––

---

केंद्र सरकार ने विभिन्न सोशल मीडिया चैनलों पर उस पोस्ट को खारिज कर दिया है, जिसमें दावा किया गया था कि केंद्र सरकार ने उनतीस मई से दो जून के बीच तापमान के पचपन डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का हाई अलर्ट जारी किया है। पत्र सूचना कार्यालय की फैक्ट चेक यूनिट ने स्पष्ट किया कि सरकार ने ऐसी कोई अधिसूचना जारी नहीं की है।

---

राज्य के अधिकांश भागों में प्री–मॉनसून बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने आज मधुबनी, सीतामढ़ी और दरभंगा जिलों में कुछ स्थानों पर आंधी, बारिश और वज्रपात का रेड अलर्ट जारी किया है। इधर, हमारे सीतामढ़ी संवाददाता ने बताया है कि जिले के विभिन्न भागों में मेघगर्जन के साथ मूसलाधार बारिश से जन–जीवन प्रभावित हुआ है। दरभंगा में भी तेज आंधी के साथ बारिश हुई है। पटना और आस–पास के इलाकों में भी छिटपुट बारिश दर्ज की गई। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के अनुसार अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तरी भागों में अधिकांश स्थानों पर आंधी, बारिश और वज्रपात की आशंका है। वहीं, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, शिवहर, सीतामढ़ी और मधुबनी जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश का पूर्वानुमान है।

———बाइट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान सहरसा, मधेपुरा, किशनगंज और पूर्णिया समेत राज्य के उत्तर–पूर्व भागों में विभिन्न स्थानों पर तेज बारिश हुई है। ढेंगरा घाट में सबसे अधिक छियालीस दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी।

---

पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की चौंतीसवीं पुण्यतिथि पर आज देश उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी नई दिल्ली स्थित राजीव गांधी के समाधि स्थल वीरभूमि में श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इधर, पटना में कांग्रेस प्रदेश कार्यालय सदाकत आश्रम में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जहां प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम और अन्य नेताओं ने राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

---

सीबीआई ने केंद्रीय विद्यालय, सासाराम के प्रधानाध्यापक मयंक श्रीवास्तव को एक जेम सामग्री आपूर्तिकर्ता से बत्तीस हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा है। आरोपी सामग्री आपूर्तिकर्ता से उसके लंबित बिल के भुगतान के एवज में घूस ले रहा था।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. जदयू सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल इंडोनेशिया, मलेशिया, दक्षिण कोरिया, जापान और सिंगापुर के लिए रवाना। आतंकवाद के खिलाफ भारत की रणनीति से कराऐंगे अवगत।

02. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल देशभर में एक सौ तीन अमृत भारत रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे। भागलपुर का पीरपैंती और गोपालगंज का थावे जंक्शन भी शामिल।

03. कांग्रेस पार्टी ने की घोषणा – राज्य में महागठबंधन की सरकार बनी, तो लागू करेंगे माई–बहिन मान योजना।

04. और, सीतामढ़ी में तेज आंधी और भारी बारिश से जनजीवन हुआ प्रभावित। मौसम विभाग ने मधुबनी, सीतामढ़ी और दरभंगा समेत कई जिलों में आंधी, बारिश और वज्रपात का रेड अलर्ट जारी किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।